आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 03.01.2025
समय 7.30

मुख्य समाचार :–

- राज्य के शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए शॉपिंग मॉल में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जांएगे।
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा। डी. गुकेश, मनु भाकर, हरमनप्रीत सिंह और प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।
- शीतकालीन चारधाम यात्रा के प्रति तीर्थयात्रियों में उत्साह। पैंतीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अब तक विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन किये।
- दिसंबर में यूपीआई के माध्यम से 23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सोलह अरब 50 करोड से ज्यादा वित्तीय लेनदेन किए गए।

अहम निर्णय

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शहरों की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। इसके तहत अब शॉपिंग मॉल में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, और सड़कों के बीच खाली स्थानों में बांस के पौधे लगाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि सराकर का लक्ष्य 2025–26 तक प्रदूषण में 40 प्रतिशत की कमी लाना है। मुख्य सचिव ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मलिन बस्तियों में भी यह सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही, उन्होंने वाहनों के संबंध में स्क्रैप पॉलिसी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि पुराने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके।

घोषणा

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। सबसे युवा शतरंज विश्व चौम्पियन डी. गुकेश, एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, लगातार दो ओलंपिक पदक विजेता पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को इस साल देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इनमें धावक जो ज्योति याराजी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल, हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे, अभिषेक, संजय, जर्मनप्रीत और सुखजीत सिंह शामिल हैं। पैरा तीरंदाज राकेश कुमार, पैरा एथलीट प्रीति पाल, दीप्ती जीवन जी, अजीत सिंह और सचिन खिलाड़ी को भी अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा।

भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पैरा तैराक मुरलीकांत पेटकर और 1970 और 1974 के एशियाई खेलों के पदक विजेता एथलीट सुचा सिंह को अर्जुन पुरस्कार लाइफटाइम से सम्मानित किया जाएगा। पैरा शूटिंग कोच सुभाष राणा, शूटिंग कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलासो को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार विजेता इस महीने की 17 तारीख को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रीय खेल एंथम

उत्तराखंड में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों का रोमांच अब हर किसी की जुबां पर होगा। राष्ट्रीय खेल एंथम आन बान शान ले, शौर्य का प्रमाण ले जल्द ही मोबाइल की रिंगटोन और एफएम पर गूंजेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड को इस संबंध में पत्र भेजा जा रहा है। खेल सचिवालय ने प्रचार को नए आयाम देने के लिए सफाई वाहनों और एफएम रेडियो के जरिये भी एंथम प्रसारित करने की योजना बनाई है। खास बात यह है कि इस एंथम का 30 सेकंड का वर्जन हर जगह सुनाई देगा।

चर्चा

अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन की अध्यक्षता में हुई बैठक में चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तीर्थ पुरोहित संघ, होटल एसोसिएशन और अन्य हितधारकों ने यात्रा को सुगम बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में तीर्थ स्थलों पर बेहतर कनेक्टिविटी, पार्किंग, स्वच्छता और सुरक्षा पर जोर दिया गया। चारधाम यात्रा प्राधिकरण के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी विभागों को समन्वय से काम करना होगा।

कृषि विज्ञान सम्मेलन आयोजन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया। यह सम्मेलन 20 से 22 फरवरी 2025 को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में आयोजित होगा। कुलपति प्रोफेसर एमएस चौहान ने बताया कि इस महाकुंभ में 50 से अधिक देशों के चार हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में डिजिटल एग्रीकल्चर, स्मार्ट लाइवस्टॉक फार्मिंग, कुपोषण से मुक्ति जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस दौरान एक भव्य कृषि प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसमें 200 से अधिक संस्थान भाग लेंगे।

शीतकालीन यात्रा

उत्तराखंड में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए शीतकालीन चार धाम यात्रा एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जिले के धनोल्टी स्थित सुरकंडा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद कहा कि यह यात्रा राज्य के लिए एक बड़ा अवसर है। इस वर्ष अब तक 35 हजार से अधिक श्रद्धालु विभिन्न तीर्थ स्थलों का दौरा कर चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रोपवे व अन्य सुविधाओं पर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इससे राज्य के पर्यटन क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

यूपीआई

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम– एनपीसीआई ने कहा है कि यूनीफाइड पेमेन्ट इंटरफेस– यूपीआई ने पिछले साल दिसंबर में लगभग 16 अरब 73 करोड वित्तीय लेनदेन किए है। इनमें यूपीआई ने करीब 23 दशमलव दो–पांच लाख करोड़ रुपये के लेनदेन किया है। एनपीसीआई के अनुसार लेनदेन की संख्या में प्रतिवर्ष 39 प्रतिशत और लेनदेन की राशि में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले महीने औसत दैनिक लेनदेन राशि 74 हजार 990 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

छह कोच

प्रयागराज महाकुंभ गंगा स्नान करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने ऋषिकेश–प्रयागराज ट्रेन में छह अतिरिक्त कोच लगाने की मंजूरी दी है। इससे श्रद्धालुओं को आवाजाही में आसानी होगी। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि प्रयागराज से योगनगरी ऋषिकेश अप एक्सप्रेस में 12 जनवरी से 27 फरवरी तक और योगनगरी ऋषिकेश से प्रयागराज डाउन एक्सप्रेस में 13 जनवरी से 28 फरवरी तक छह कोच अधिक लगाए जाएंगे।

मौसम

और एक नजर आज के मौसम पर... प्रदेश के मैदानी हिस्सों में आज सुबह के समय में कोहरा छाया हुआ है। इसके कारण आवाजाही में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर पाला पड़ने से सुबह–शाम अत्यधिक ठंड महसूस की जा रही है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक है। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले दो दिन राज्य में मौसम साफ बने रहने का अनुमान है। विभाग के अनुसार आगामी आगामी पांच से सात जनवरी के बीच राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक ऊचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है।

एक नज़र समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है– मनु भाकर, गुकेश, हरमनप्रीत व प्रवीण बने खेल रत्न। ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल, अमन, सरबजोत समेत 32 को अजुर्न पुरस्कार, राष्ट्रपति 17 जनवरी को करेंगी सम्मानित।

गृह मंत्री अमित शाह ने दिया कश्मीर का नाम बदलने का संकेत खबर को आज के सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने प्रकाशित है। अमित शाह के हवाले से अमर उजाला लिखता है, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग, हमने जो गंवाया हासिल करके रहेंगे।

राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने दून में मेयर के लिए 10 और पार्षद पद पर 384 प्रत्याशी मैदान में समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। समाचार पत्र लिखता है– दून में मेयर के लिये दस और पार्षद पद पर 384 प्रत्याशी मैदान में।

शॉपिंग मॉल में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाना जरूरी होगा। इस ख़बर के साथ नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– देहरादून, ऋषिकेश, काशीपुर में प्रदूषण की रोकथाम को बनेगा स्वच्छ वायु एक्शन प्लान।

शहर में स्कूली वाहनों व अंधेरी सड़कों का होगा सेफ्टी ऑडिट, आरटीओ प्रवर्तन ने बनाई कार्य योजना। इस ख़बर पर दैनिक जागरण ने लिखा है– दुर्घटनाएं रोकने के लिए अंधेरी सड़कों व ब्लैक स्पॉट की बनाई जाएगी।